केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

दूरभाष सं.-011-28524993, 28524995, 28520979, 28520966

वेबसाईट-www.sanskrit.nic.in

अधिसूचना की तिथि- 07.11.2022

संस्कृत संवर्धन योजनाओं के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित

संस्कृत के संवर्धन हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा क्रियान्वित भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की निम्नलिखित **केन्द्रीय संवर्धन योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु वर्ष 2022-23 के लिए एन.जी.ओ./स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/ विश्वविद्यालय/प्रकाशक/वैयक्तिक/छात्र द्वारा** ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है-

क्रम संख्या	योजना का नाम	ऑनलाईन पंजीकरण की तिथि	
		आरम्भ तिथि	अन्तिम तिथि
1.	**संस्कृत शिक्षण** - पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/सरकारी विद्यालयों/ चतुष्पाठी संस्थाओं में संस्कृत एवं आधुनिक विषय के शिक्षकों की व्यवस्था तथा आवासीय छात्रवृत्ति	07.11.2022	10.12.2022
2.	**सम्मान राशि** -अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों हेतु		
3.	**संस्कृत संवर्धन कार्यक्रम/गतिविधियाँ**		
4.	**पुस्तकों के प्रकाशन, थोक खरीद और दुर्लभ संस्कृत पुस्तकों के पुनर्मुद्रण**		
5.	**शास्त्र चूड़ामणि** -ख्यातिप्राप्त एवं/अथवा सेवानिवृत्त संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता हेतु		
6.	**पंजीकृत पारम्परिक संस्कृत संस्थाओं के छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण**		
7.	**अष्टादशी** -संस्कृत संवर्धन हेतु अठारह परियोजनाएं		
8.	**मेधावी छात्रवृत्ति** -संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषा में 9वीं कक्षा से पी.एच.डी. तक पारंपरिक एवं आधुनिक धारा में नियमित रूप से अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु	10.11.2022	31.01.2023

उपर्युक्त सभी योजनाओं के आवेदन प्रपत्र केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार्य हैं। किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। संबंधित योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रकाशन सामग्री / पुस्तक / आवश्यक दस्तावेजों की हार्ड कॉपी ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रति के सहित पृथक से पंजीकृत डाक द्वारा ऑनलाईन पंजीकरण के अन्तिम तिथि से 15 दिन के अंदर **''निदेशक (केन्द्रीय योजनाएँ), ... (योजना का नाम) ....., केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,** 56-57, **सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली**-110058 को उपलब्ध कराना आवश्यक है। अत: आवेदन पत्र प्रपूरित करने से पूर्व प्रत्येक योजना के दिशा निर्देशों को अवश्य देखें। प्रत्येक योजना के दिशानिर्देश, आवश्यक दस्तावेज, मानदेय, ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र को अग्रसारित करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वैबसाईट **www.sanskrit.nic.in/schemes** पर अवलोकन करें। योजना से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण या संदेह के मामले में उपरिलिखित दूरभाष या पत्र व्यवहार संकेत अथवा ई-मेल **help.schemes@csu.co.in** के माध्यम से संपर्क करें।

हस्ता./-

निदेशक (केन्द्रीय योजनाएँ)